**Proposal Submitted by Orissa Government for Construction of Houses for Weaker Sections**

9671. SHRI GIRIDHAR GOMANGO : Will the Minister of WORKS AND HOUSING be pleased to state :

(a) whether Government of Orissa had submitted proposal to his Ministry regarding the construction of houses for weaker sections of the society for sanction of loan assistance for the schemes during the years 1980-81, 1981-82 and 1982-83.

(b) if so, the loan assistance provided during above financial years and the progress made by Government of Orissa, district-wise so far; and

(c) number of houses constructed by HUDCO in flood affected areas during the years 1981-82 1982-83 in Gunupur and Parlakhemundi subdivision in that State to provide houses to the houseless people ?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF WORKS AND HOUSING (SHRI MOHAMMED USMAN ARIF) : (a) to (c) The information is being collected and will be laid on the table of the Sabha.

**कृषि मूल्य आयोग में किसानों का प्रतिनिधित्व**

9672. **श्री रामजी भाई मावणि :**
**प्रो० मधु दण्डवते :**
**श्री कृष्ण प्रताप सिंह :**
**श्री मोहन लाल पटेल :**

क्या कृषि मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कृषि मूल्य आयोग में किसानों के प्रतिनिधित्व को बढ़ाने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है, और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(ग) वर्ष 1977 से 1982 की अवधि में आयोग में किसानों के कितने प्रतिनिधि थे उनकी शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव क्या था और किस आधार पर उन्हें आयोग का सदस्य बनाया गया था;

(घ) मूल्य आयोग द्वारा किस मान दण्ड के आधार पर विभिन्न खाद्यान्न के मूल्य निर्धारित किए जाते हैं; और

(ङ) 1977 से 31 दिसम्बर, 1982 की अवधि में विभिन्न खाद्यान्न के निर्धारित किए गए मूल्य क्या हैं और किस मानदण्ड के आधार पर इनके मूल्यों की सिफारिश की गई थी ?

**कृषि मन्त्रालय में राज्य मन्त्री (श्री आरिफ मोहम्मद खान)** : (क) जी नहीं ।

(ख) और (ग) राष्ट्रीय कृषि आयोग द्वारा कृषि मूल्य आयोग के गठन के प्रश्न पर विचार किया गया तथा आयोग ने यह सिफारिश की कि कृषि मूल्य आयोग में अध्यक्ष सहित चार सदस्य होने चाहिए तथा इसका एक सदस्य गैर-सरकारी सदस्य हो, जिसे कृषि उत्पादन तथा उपभोक्ता की समस्याओं का ज्ञान हो। राष्ट्रीय कृषि आयोग की सिफारिशों के अनुसरण में कृषि मूल्य आयोग में सदस्यों की संख्या 3 से बढ़ाकर 4 कर दी गई। चौधरी रणधीर सिंह, सदस्य किसानों और उपभोक्ताओं के हितों का प्रतिनिधित्व करते हैं तथा उनकी सदस्य के रूप नियुक्ति अनुबन्ध के आधार पर 20-4-1976 से 3 वर्ष की अवधि के लिए हुई थी। तथापि, उन्होंने 20-12-1978 को अपना त्यागपत्र दे दिया, जिसे 30-12-1978 को मंजूर कर लिया गया। उनको 25-7-1980 से 3 वर्ष के